UNIVERSITY NEWS 18 JUNE 2026

HINDUSTAN TIMES

LU set to go paperless, rolls out e-office; assignments to go online

Turnitin software to be used to check plagiarism in assignments, all efforts to reduce carbon footprint

Godhooli Sharma
godhooli.sharma@htlive.com

Lucknow University FILE PHOTO

LUCKNOW: Lucknow University is set to become paperless as it rolls out e-office across all administrative operations and plans to shift student assignments online, vice-chancellor Prof JP Saini said. The e-office system will digitize all notesheets, recordkeeping and documentation.

Prof Saini said the move aims to cut costs, improve transparency, and reduce the university's environmental footprint. "At present, the university's administrative section alone uses at least 12,000 reams of paper every year, while departments have separate expenses for record-keeping. On average, the administration spends over Rs 36 lakh annually just on procuring paper, and printing adds to the cost," Saini said.

He added that leave applications are already processed through the SAMARTH portal. The full enforcement of e-office will extend digital workflow to all sections, making processes faster and more transparent.

"Maintenance and disposal of physical files is also a major problem which the university will overcome after e-office implementation," the VC noted.

Beyond cost savings, Saini stressed the environmental benefits.

"This initiative will help reduce the carbon footprint of the university. It will also be a step forward in our Net-Zero carbon commitment," he said.

The university is also working to extend paperless practices to academics. Students currently submit most assignments as printed or handwritten sheets. Saini said plans are underway to mandate online submission of assignments across courses to further reduce paper use. To address concerns over plagiarism in digital submissions, LU has collaborated with Turnitin software.

"Plagiarism remains a concern with online assignments. We will ensure all submissions are screened through Turnitin before evaluation," Saini said. He said the training required for the transition is being imparted to staff and students from time to time and the long-term gains in efficiency, accountability and sustainability of the initiative will outweigh the initial effort.

The administration has started backend preparations to integrate various departments with the e-office platform. With 12,000+ reams of paper saved annually and streamlined digital records, Lucknow University aims to set an example for other state universities adopting green governance. The VC expressed confidence that the shift will make the campus more future-ready while aligning with national Digital India goals.

VOICE OF LUCKNOW

लविवि के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे प्रो. अभय करंदीकर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का 69वां दीक्षांत समारोह इस बार बेहद खास और गरिमापूर्ण होने जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में देश के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक, शिक्षाविद और नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर को आमंत्रित किया गया था, जिसकी आधिकारिक स्वीकृति राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा प्रदान कर दी गई है। देश के विकास और विज्ञान क्षेत्र की शीर्ष नीति-निर्धारक संस्था 'नीति आयोग' के सदस्य की उपस्थिति इस वर्ष मेधावियों के उत्साह को और अधिक बढ़ाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बार दीक्षांत समारोह के पारंपरिक स्थल में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। 69वां दीक्षांत समारोह इस वर्ष चौक स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह ऐतिहासिक और शैक्षणिक उत्सव का साक्षी बनेगा, जहां विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उपाधियों और स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अभय करंदीकर भारतीय उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान जगत का एक बेहद प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने देश के अग्रणी संस्थान आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने हाल ही में 3 अक्तूबर, 2023 से 18 मई, 2026 (पूर्वाह्न) तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में विशेष भूमिका रही।

DAINIK JAGRAN

लवि कुलपति ने किया पुस्तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विमोचन

लखनऊ : लवि के योग विभाग के कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव की ओर से लिखित पुस्तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विमोचन बुधवार को कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने किया। डा. अमरजीत ने बताया कि यह पुस्तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आधारित है। इसमें 10 अध्याय हैं। यह किताब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के किसी वैश्विक प्रभाव उसके गहरे दर्शन और मानव जीवन में इसकी उपयोगिता को रेखांकित करने का एक प्रयास है। वि.

AMAR UJALA

लविवि के 69वें दीक्षांत में नीति आयोग के सदस्य अभय करंदीकर होंगे मुख्य अतिथि

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य अभय करंदीकर होंगे। राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उनके नाम को आधिकारिक स्वीकृति दी है। इस वर्ष समारोह का आयोजन 31 जुलाई को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होगा।

अभय करंदीकर।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद अभय करंदीकर ने आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव के रूप में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने देश की वैज्ञानिक नीतियों के निर्माण में योगदान दिया।

अभय करंदीकर समारोह में विभिन्न संकायों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि समितियों के माध्यम से आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

केजीएमयू के दीक्षांत में फैकल्टी सदस्यों के लिए भी होगा ड्रेस कोड

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में इस बार फैकल्टी सदस्यों के लिए भी ड्रेस कोड अनिवार्य किया गया है। 13 जुलाई को होने वाले आयोजन में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक भी निर्धारित पोशाक और विश्वविद्यालय का स्टोल पहनकर शामिल होंगे। केजीएमयू के डीन एकेडमिक्स डॉ. वीरेंद्र आतम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पुरुष फैकल्टी सदस्यों को सफेद शर्ट, काली पैंट, काले जूते-मोजे पहनने होंगे। महिला फैकल्टी सदस्यों के लिए क्रीम रंग की साड़ी और भूरे रंग के जूते या सैंडल तय की गई है। सभी के लिए केजीएमयू का स्टोल धारण करना जरूरी होगा। समारोह सुबह 11 बजे अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावियों को पदक देंगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

अनिकेत को मिला स्टार्टअप का सर्टिफिकेट

लखनऊ : लवि के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज में बीबीए दूसरे सेमेस्टर के छात्र अनिकेत दुबे को उनके स्टार्टअप 'यूनिसाइकिल' के लिए डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से मान्यता का सर्टिफिकेट मिला है। उन्हें यह सम्मान कुलपति प्रो. जेपी सैनी व आइएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर के सहयोग से मिला। वि.

प्रो. गौरी सक्सेना और प्रो. ज्योत्सना बनीं निदेशक

प्रो ज्योत्सना सिंह ए प्रो. गौरी सक्सेना

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो प्रोफेसरों को अलग अलग निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो. ज्योत्सना सिंह को शोध और वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. गौरी सक्सेना को इंटर्नशिप का निदेशक नामित किया गया है। वि.

डा. जाफरी बने कार्य परिषद के सदस्य

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने ओरिएंटल अरेबिक एवं पर्शियन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सैयद अरशद अली जाफरी को एक वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु (जो भी पहले हो) तक लवि कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है। कुलपति के अनुमोदन पर कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। वि.

AMRIT VICHAR

इस बार केजीएमयू में होगा लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

लविवि के दीक्षांत में नीति आयोग के सदस्य प्रो. करंदीकर होंगे मुख्य अतिथि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में इस बार विज्ञान और उच्च शिक्षा जगत की चर्चित व्यक्तित्व नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर मुख्य अतिथि होंगे। उनके नाम को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति ने आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रो. करंदीकर की उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ेगी और विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से प्रेरणा मिलेगी।

इस वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के बजाय किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस केंद्र में विभिन्न संकायों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियां और पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रो. अभय करंदीकर देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव के रूप में देश की वैज्ञानिक नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभा चुके हैं। इससे पहले वह आईआईटी कानपुर के निदेशक रहे और आईआईटी बॉम्बे में लंबे समय तक अध्यापन एवं शोध से जुड़े रहे।

- केजीएमयू के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होगा आयोजन
- मेधावियों को प्रदान की जाएंगी उपाधियां और स्वर्ण पदक

प्रो. करंदीकर का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने विभिन्न समितियों का गठन कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

–प्रो. जेपी सैनी, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

तैयारियों के लिए 15 समितियां गठित

कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 15 समितियों का गठन किया गया है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार आयोजन समिति, मंच एवं स्थल सज्जा समिति, पदक पुरस्कार एवं उपाधि समिति, दर्शक एवं परिवहन समिति, मुद्रण समिति, सांस्कृतिक समिति सहित अन्य समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजन समिति की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद मोहन करेंगे, जबकि मंच एवं आयोजन स्थल सज्जा समिति की जिम्मेदारी प्रो. मोनिशा बनर्जी को दी गई है। पदक पुरस्कार एवं उपाधि समिति का दायित्व परीक्षा नियंत्रक को सौंपा गया है। पाठ्यक्रमों एवं जनसंपर्क विभाग के प्रो. मुकुल श्रीवास्तव को मुद्रण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सुरक्षा, छात्र आवास, पार्किंग, अनुशासन, कार्यालय संचालन, शोभा यात्रा, मार्गदर्शन व्यवस्था, स्वच्छता और लंच-डिनर व्यवस्थाओं के लिए भी अलग-अलग समितियां गठित की गई हैं। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने सभी समिति अध्यक्षों से अपनी-अपनी टीम गठित कर दो कार्यदिवसों में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है।

TIMES OF INDIA

NITI Aayog member at LU convocation

NITI Aayog member Abhay Karandikar will be the chief guest at the 69th convocation of Lucknow University to be held at Atal Bihari Vajpayee Scientific Convention Centre in Chowk on July 31. The university received approval from the chancellor and governor of Uttar Pradesh in this regard. Vice-Chancellor JP Saini said, "The university has started preparations for seating, security and medal distribution at the venue."

SWATANTRA BHARAT

कुलपति ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पुस्तक का विमोचन

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। बुधवार को लविवि के योग विभाग, फैकेल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-ऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विमोचन लविवि के कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने किया गया।

इस दौरान डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि यह पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आधारित है। इस पुस्तक में 10 अध्याय हैं भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की यह अमूल्य धरोहर योग आज केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि संपूर्ण विश्व के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक कल्याण का आधार बन चुका है। आधुनिक जीवन की भाग दौड़, तनाव और संतुलन के बीच योग में स्वयं से जुड़ने और एक स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग दिखाता है। प्रस्तुत पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के किसी वैश्विक प्रभाव उसके गहरे दर्शन और मानव जीवन में इसकी उपयोगिता को रेखांकित करने का एक प्रयास है। इस अवसर पर प्रोफेसर अमिता कनौजिया अधिष्ठता छात्र कल्याण लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ व प्रोफेसर आलोक कुमार यादव अधिष्ठाता योग संकाय लविवि मौजूद थे।

AAJ

एलयू के 69वें दीक्षांत समारोह में नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर होंगे मुख्य अतिथि

लखनऊ विश्वविद्यालय का 69वां दीक्षांत समारोह इस बार चौक स्थित 'किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह कन्वेंशन सेंटर इस ऐतिहासिक और शैक्षणिक उत्सव का साक्षी बनेगा जहां विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए विवि के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रो अभय करंदीकर भारतीय उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान जगत का एक बेहद प्रतिष्ठित नाम हैं। प्रो करंदीकर ने देश के अग्रणी संस्थान आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

HINDUSTAN

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग संकाय के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विमोचन कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने किया। पुस्तक में योग की भारतीय परंपरा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की यात्रा और इसके वैश्विक प्रभाव को विस्तार से बताया गया है। इस अवसर पर प्रो. अमिता कनौजिया और प्रो. आलोक कुमार यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

NBT

LU : दीक्षांत में प्रो. अभय करंदीगकर चीफ गेस्ट

लखनऊ यूनिवर्सिटी (LU) में 31 जुलाई को प्रस्तावित 69वें दीक्षांत समारोह में नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर मुख्य अतिथि के तौर पर मेधावियों को दीक्षांत उद्बोध देंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। दीक्षांत समारोह का आयोजन केजीएमयू स्थित साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होगा। वीसी प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि प्रो. अभय देश के नामी वैज्ञानिक और शिक्षाविद है। 'नीति आयोग' के सदस्य के तौर पर उनकी उपस्थिति मेधावियो का उत्साह और बढ़ाएगी।

HINDUSTAN

नीति आयोग के प्रो. अभय होंगे मुख्य अतिथि

एलयू दीक्षांत

69 वें दीक्षांत में प्रो अभय के नाम पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

31 जुलाई को है लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

दीक्षांत की तैयारियों के लिए 15 समितियां गठित

कुलपति के निर्देश पर दीक्षांत समारोह के लिए 15 समितियों का गठन किया गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, आयोजन समिति की अध्यक्षता प्रो. अरविंद मोहन करेंगे, जबकि मंच एवं स्थल सज्जा की जिम्मेदारी प्रो. मोनिशा बनर्जी को दी गई है। पदक पुरस्कार एवं उपाधि समिति का दायित्व परीक्षा नियंत्रक को और मुद्रण समिति का अध्यक्ष प्रो. मुकुल श्रीवास्तव को बनाया गया है। वस्त्र, सांस्कृतिक, सुरक्षा, अनुशासन, शोभा यात्रा जैसी अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी समितियां बनी हैं।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हैं

प्रो. अभय प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद हैं। आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव के रूप में देश की वैज्ञानिक नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभा चुके हैं। आईआईटी कानपुर के निदेशक व आईआईटी बॉम्बे में अध्यापन व शोध से भी जुड़े रहे।

बजाय किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस केंद्र में विभिन्न संकायों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियां और पदक प्रदान किए जाएंगे।

अंतिम रूप दिया जा रहा: कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि प्रो. करंदीकर का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने विभिन्न समितियों का गठन कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

AMRIT VICHAR

पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी व अन्य।

पुस्तक का हुआ विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विमोचन कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने किया। डॉ. यादव ने बताया कि 10 अध्यायों वाली यह पुस्तक योग के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और व्यावहारिक पक्षों को सरल रूप में प्रस्तुत करती है। इसमें 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के कारणों तथा योग के माध्यम से मानव कल्याण के संदेश को रेखांकित किया गया है। इस अवसर पर प्रो. अमिता कनौजिया और प्रो. आलोक कुमार यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

AMAR UJALA

योग दिवस पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग के समन्वयक अमरजीत यादव की पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बुधवार को विमोचन किया गया। कुलपति जेपी सैनी ने इसका अनावरण किया। अमरजीत ने बताया कि योग दिवस पर केंद्रित पुस्तक में दस अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि योग पूरे विश्व के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक कल्याण का आधार बन चुका है। यह पुस्तक इसके वैश्विक प्रभाव, गहरे दर्शन और मानव जीवन में उपयोगिता को रेखांकित करती है। (माई सिटी रिपोर्टर)

SWATANTRA BHARAT

लविवि के 69वें दीक्षांत समारोह में अतिथि होंगे प्रो. करंदीकर

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय का 69वां दीक्षांत समारोह इस बार बेहद खास और गरिमापूर्ण होने जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि देश के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक, शिक्षाविद और नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जेपी सैनी ने कहा कि प्रो. अभय करंदीकर जैसे प्रख्यात व्यक्तित्व का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना विश्वविद्यालय परिवार और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए गौरव का विषय है। उनका लंबा शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव हमारे युवाओं को राष्ट्र निर्माण और तकनीकी नवाचार के लिए प्रेरित करेगा। दीक्षांत समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम की सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और पदक तालिकाओं की समीक्षा के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है।

DAINIK JAGRAN

लवि : दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे प्रो. अभय करंदीकर

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 31 जुलाई को होने वाले 69वें दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध विज्ञानी, शिक्षाविद और नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर होंगे। उच्चानर्द आमंत्रित किए जाने की आधिकारिक स्वीकृति राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने दे दी है।

प्रो. अभय करंदीकर

मुख्य अतिथि प्रो. अभय करंदीकर भारतीय उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान जगत का एक बेहद प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने आइआइटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पी.एचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने तीन अक्टूबर 2023 से 18 मई 2026 तक भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव के रूप में देश की वैज्ञानिक नीतियों की आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे पहले वह अप्रैल 2018 से दो अक्टूबर 2023 तक अपने मातृ संस्थान आइआइटी कानपुर के निदेशक के रूप में कार्यरत रहे। अप्रैल 1997- अप्रैल 2018 तक आइआइटी बॉम्बे के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में वरिष्ठ संकाय सदस्य के रूप में हजारों इंजीनियरों और शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। लवि कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि प्रो. अभय करंदीकर जैसी प्रख्यात व्यक्तित्व का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

एलयू ने जारी की शिक्षकों की वरिष्ठता सूची

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां कार्यरत शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। उप कुलसचिव (शैक्षिक) महेश चंद शुक्ल की ओर जारी वरिष्ठता सूची में कुल 388 शिक्षकों के नाम शामिल हैं, जिनमें 205 प्रोफेसर, 45 एसोसिएट प्रोफेसर और 138 असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। वरिष्ठता सूची में इकोनामिक्स विभाग के प्रोफेसर अरविंद मोहन पहले स्थान पर हैं। वि.

इस वर्ष केजीएमयू के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होगा समारोह

गौरव का विषय है।

समारोह के लिए समितियां तय : केजीएमयू के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होने वाले लवि दीक्षांत समारोह को सुव्यवस्थित बनाने के लिए 15 समितियों का गठन कर दिया गया है।